**संख्या-85/2022/118/71-3099/104/2022-03**

**प्रेषक,**

**आलोक कुमार,**
प्रमुख सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

**चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-3** **लखनऊ : दिनॉक 20 मई, 2022**

**विषयः- स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अयोध्या, बस्ती, बहराइच, फिरोजाबाद एवं शाहजहॉपुर में बी0एस0सी0 नर्सिंग कोर्स प्रारम्भ किये जाने हेतु पदों का सृजन।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-एमई-1/2022/1031, दिनांक 21.03.2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा फेज-1 के चिकित्सा महाविद्यालयों में 60 सीट के बी0एस0सी0 नर्सिंग पाठ्यक्रम के संचालन हेतु शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों के सृजन का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2- उल्लेखनीय है कि शासनादेश संख्या-1057/71-1001(099)/585/2021, दिनांक 28.12.2021 द्वारा प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन चिकित्सा शिक्षा संस्थाओं में नर्सिंग पाठ्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन हेतु न्यूनतम आवश्यक मानव संसाधन के लिए पद सृजन का मानदण्ड निर्धारित किया गया है। उक्तानुसार निर्धारित मानदण्ड के सापेक्ष पदों के सृजन का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अयोध्या, बस्ती, बहराइच, फिरोजाबाद एवं शाहजहॉपुर में बी0एस0सी0 नर्सिंग पाठ्यक्रम के संचालन हेतु **शैक्षणिक संवर्ग (नियमित) 25 पद (25 X 5 = 125) एवं गैर शैक्षणिक (आउटसोर्स) के 38 पद (38 X 5 = 190) अर्थात् कुल 315 पदों को <u>संलग्नक के अनुसार</u>** (बशर्ते इन पदों को इससे पूर्व बिना किसी सूचना के समाप्त न कर दिया जाए), निम्नांकित शर्तों के अधीन सृजित किए जाने पर श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं-

1. उक्त पदों पर भर्ती एन0एम0सी0 के मानकों तथा कार्यात्मक/वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप किया जायेगा। उक्त पदों पर नियुक्ति योग्यता के अनुरूप की जाये।
2. पदों के पदनाम, वेतनमान आदि का निर्धारण नियमानुसार समय-समय पर निर्गत सुसंगत शासनादेशों के अनुसार ही किया जाए। उक्त पदों पर नियुक्ति योग्यता के अनुरूप की जाये।
3. उक्त के अतिरिक्त पदों पर भर्ती बायलॉज एवं समय-समय पर जारी शासनादेशों/नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

4- महानिदेशक/सम्बन्धित प्रधानाचार्य द्वारा संलग्नक में उल्लिखित वेतनमान एवं पे-लेवल आदि का परीक्षण स्वस्तर पर सुनिश्चित करने के उपरांत ही भर्ती/नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारम्भ की एवं पदों की संख्या, वेतनमान आदि में किसी भी प्रकार की विसंगति होने पर शासन के संज्ञान में लाया जायेगा।

5- उक्त पर होने वाला व्यय अनुदान संख्या-31 के अधीन लेखाशीर्षक "2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-05-चिकित्सा शिक्षा-प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-03-शिक्षा-" के सुसंगत वित्तीय मदों के नामे डाला जायेगा।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

6- यह आदेश शासनादेश संख्या-1057/71-1001(099)/585/2021, दिनांक 28.12.2021 द्वारा निर्धारित मानदण्ड के अनुसार निर्गत किये जा रहे है।

**संलग्नक-यथोक्त।**

**भवदीय,**

**( आलोक कुमार )**
**प्रमुख सचिव।**

**संख्या/दिनांक, उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3. प्रमुख सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश।
4. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश।
5. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. प्रधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या/बस्ती/बहराइच/फिरोजाबाद/शाहजहॉपुर।
7. वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
8. वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
9. वित्त (व्यय- नियंत्रण) अनुभाग-3
10. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

( कुलदीप कुमार रस्तोगी )
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

**शासनादेश संख्या-85/2022/118/71-3099/104/2022-03, दिनांक 20 मई, 2022 का संलग्नक।**

**(अ) शैक्षणिक संवर्ग (नियमित) के पद-**

| पदनाम | मानकीकरण के अनुसार पदो की आवश्यकता (60 सीटों हेतु) | मेडि0 का0, फिरोजाबाद 60 सीट | मेडि0 का0, बहराइच 60 सीट | मेडि0 का0, शाहजहॉपुर 60 सीट | मेडि0 का0, अयोध्या 60 सीट | मेडि0का0, बस्ती 60 सीट | 7वें वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स/ लेवल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| प्रिंसिपल कम प्रोफेसर | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 | 131100-216600/ 13A |
| वाईस प्रिंसिपल कम प्रोफेसर | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 | 131100-216600/ 13A |
| एसोसिएट प्रोफेसर | 02 | 02 | 02 | 02 | 02 | 02 | 78800-209200/ 12 |
| असिस्टेण्ट प्रोफेसर | 03 | 03 | 03 | 03 | 03 | 03 | 67700-208700/ 11 |
| ट्यूटर | 18 | 18 | 18 | 18 | 18 | 18 | 47600-151100 |
| कुल | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | - |

**(ब) गैर शैक्षणिक संवर्ग (आउटसोर्सिंग) के पद-**

| क्र0सं0 | पदनाम | मानकीकरण 60 सीट | मे0का0 फिरोजाबाद 60 सीट | मे0का0 बहराइच 60 सीट | मे0का0 शाहजहॉपुर 60 सीट | मे0का0 अयोध्या 60 सीट | मे0का0 बस्ती 60 सीट | मानदेय प्रतिमाह |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 11 |
| 1 | Admistrative Ofiicer | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 9381 |
| 2 | Office Superintendent | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 9381 |
| 3 | PA to Principal | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 9381 |
| 4 | Account/Cashier | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 9381 |
| 5 | Upper Division Clerk | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 9381 |
| 6 | Lower Division Clerk | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 9381 |
| 7 | Store Keepar | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 9381 |
| 8 | Librarian | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 9381 |
| 9 | Wardens | 2 | 2 | 2 | 2 | | 2 | 9381 |
| 10 | Class room atandent | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 8374 |
| 11 | Sanitary staff | 8 | 8 | 8 | 8 | 8 | 8 | 7613 |
| 12 | Security Staff | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 8374 |
| 13 | Peons/Office | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 8374 |

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Attandent | | | | | | | |
| 14 | Librarian Attandent | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 8374 |
| 15 | Hostal Attandent | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 8374 |
| | **Total Post** | **38** | **38** | **38** | **38** | **38** | **38** | - |

( कुलदीप कुमार रस्तोगी )
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।